सैंसेक्स 62,272.68 ▲ पिछला 61,510.58 अंतर 762.10 | निफ्टी 18,484.10 ▲ पिछला 18,267.25 अंतर 216.85 | सोना 52,725 चांदी 62,170 | यूरो 85.00 पाऊंड 98.94 | $ अमरीका 81.66 आस्ट्रेलिया 55.13 कनाडा 61.17

## न्यूज गैलरी

### पैट्रोल और डीजल के दाम स्थिर

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली : अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद देश में पैट्रोल और डीजल के दाम स्थिर रहे। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पैट्रोलियम के अनुसार पैट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा। दिल्ली में पैट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर है। मुंबई में पैट्रोल के दाम 106.31 रुपए प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपए प्रति लीटर है। पैट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

### रुपए 30 पैसे की तेजी से 81.63 प्रति डॉलर पर

सवेरा न्यूज/एजैंसी

मुंबई : विदेशी बाजारों में डॉलर के कमजोर होने तथा घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच निवेशकों की कारोबारी धारणा मजबूत हुई जिसके चलते अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमरीकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 30 पैसे की तेजी के साथ 81.63 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि अमरीका के कमजोर आर्थिक आंकड़े और फेडरल रिजर्व के आक्रामक रवैये में नरमी के संकेत के बाद अंतर्राष्ट्रीय कारोबार में डॉलर कमजोर हो गया। अंत में अमरीकी मुद्रा के मुकाबले 30 पैसे की तेजी के साथ 81.63 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

### जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना जरूरी : कांत

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली : जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए चक्रीय अर्थव्यवस्था (सर्कुलर इकोनॉमी) को बढ़ावा देने की जरूरत है। चक्रीय अर्थव्यवस्था में एक टिकाऊ व्यवस्था की अवधारणा पर काम किया जाता है, जहां इस्तेमाल की गई वस्तुओं का पुनर्चक्रण किया जाता है। कांत ने कहा कि विभिन्न मंत्रालय और राज्य सरकारें चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए पहल कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सीओपी-27 में भारत ने अपनी दीर्घकालिक निम्न कार्बन उत्सर्जन रणनीति का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि एक दिसंबर से भारत द्वारा जी20 की अध्यक्षता करने के साथ ही चक्रिय अर्थव्यवस्था को अपनाने का एक अवसर मिला है।

## सैंसेक्स 62,273 अंक के सार्वकालिक रिकॉर्ड स्तर पर, निफ्टी भी 217 अंक मजबूत



● सूचना प्रौद्योगिकी, बैंकिंग और पैट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में बढ़त से बाजार में आई तेजी

सवेरा न्यूज/एजैंसी

मुंबई, 24 नवंबर : शेयर बाजारों में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई का 30 शेयरों वाला सैंसेक्स 62,272.68 अंक के अपने सार्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। अमरीकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक के ब्यौरे में ब्याज दरों में वृद्धि के नरम रुख से निवेशकों की धारणा को बल मिला। साथ ही वैश्विक बाजारों में मजबूती और सूचना प्रौद्योगिकी, बैंकिंग और पैट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में बढ़त से बाजार में तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सैंसेक्स 762.10 अंक यानी 1.24 प्रतिशत उछलकर 62,272.68 अंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 62,412.33 अंक के अपने सार्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। नैशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 216.85 अंक यानी 1.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,484.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार में दौरान यह अपने 52 सप्ताह के उच्चस्तर 18,529.70 तक गया था। शेयर बाजार में 3 दिन से जारी तेजी से निफ्टी में 2 प्रतिशत या 324 अंक तथा सैंसेक्स में 1,167 अंक या दो प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहा, जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट में नुक्सान रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 789.86 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

# एशिया और प्रशांत क्षेत्र में वर्ष 2023 में मंदी की आशंका नहीं

● निवेश का प्रवाह और प्रौद्योगिकी तथा कृषि में उत्पादन लाभ से वृद्धि को गति मिलेगी



सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 24 नवंबर : आने वाले वर्ष के दौरान एशिया-प्रशांत (एपीएसी) क्षेत्र में मंदी की आशंका नहीं है, हालांकि क्षेत्र पर ऊंची ब्याज दरों और वैश्विक व्यापार वृद्धि धीमी रहने का असर जरूर पड़ेगा। मूडीज एनालिटिक्स ने बृहस्पतिवार को यह कहा। 'एपीएसी परिदृश्य भविष्य में नीचे की ओर' शीर्षक वाले अपने विश्लेषण में मूडीज ने कहा कि अगले वर्ष भारत धीमी वृद्धि की दिशा में बढ़ रहा है जो इसकी दीर्घकालिक संभावना के अनुरूप है। सकारात्मक पक्ष को देखें तो निवेश का प्रवाह और प्रौद्योगिकी तथा कृषि में उत्पादन लाभ से वृद्धि को गति मिलेगी। इसमें कहा गया कि अगर मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर बनी रहती है तो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को छह प्रतिशत के ऊपर रखना होगा जिससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि मंद पड़ जाएगी। उन्होंने कहा, 'आगामी वर्ष में एपीएसी क्षेत्र में मंदी की कोई आशंका नहीं है हालांकि इस क्षेत्र को ऊंची ब्याज दरों और वैश्विक व्यापार वृद्धि में नरमी से प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा।'

### वर्ष 2023 में भारत की वृद्धि धीमी पड़ेगी

**मूडीज ने** अगस्त में अनुमान जताया था कि 2022 में भारत की वृद्धि धीमी पड़ेगी, 2023 में यह और धीमी होकर 5 प्रतिशत पर आ जाएगी। 2021 में यह 8.5 प्रतिशत रही थी। अपने विश्लेषण में मूडीज ने कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की गति धीमी पड़ रही है और व्यापार पर निर्भर यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार में सुस्ती के असर को झेल रहा है।

### बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का निर्यात मूल्य अक्तूबर में गिरा

**मूडीज** एनालिटिक्स में प्रमुख अर्थशास्त्री (एपीएसी) स्टीव कोचरेन ने कहा, 'वैश्विक अर्थव्यवस्था में केवल चीन ही कमजोर कड़ी नहीं है बल्कि भारत समेत एशिया की अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का निर्यात मूल्य अक्तूबर में सालाना आधार पर गिरा है, हालांकि भारत की निर्यात पर निर्भरता कुछ कम है।' क्षेत्रीय परिदृश्य के बारे में मूडीज ने कहा कि भारत समेत एपीएसी क्षेत्र की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं भले ही महामारी संबंधी पाबंदियों को हटाने में देरी करने के बाद विस्तार कर रही है, यूरोप तथा उत्तर अमरीका में मंदी की आशंका के कारण 2022 की तुलना में 2023 आर्थिक वृद्धि के लिहाज से सुस्त रहने वाला है।

### कोयला उत्पादन अक्तूबर में 18% की वृद्धि के साथ रहा 44.8 करोड़ टन

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 24 नवंबर : देश में कोयले का उत्पादन अक्तूबर में 44.8 करोड़ टन रहा जो पिछले वर्ष अक्तूबर से 18 प्रतिशत अधिक है। कोयला मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार कोयला उत्पादक कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के उत्पादन की वृद्धि भी अक्तूबर में 17 प्रतिशत से अधिक रही। मंत्रालय ने इस माह के अंत तक घरेलू कोयले पर चलने वाले ताप बिजलीघरों में 3 करोड़ टन ईंधन का स्टॉक तैयार करने की योजना बनाई है। 31 मार्च 2023 के अंत तक 4.5 करोड़ टन तक पहुंचाने का लक्ष्य है। मंत्रालय ने कहा कि समुद्री मार्ग से कोयला ढुलाई को बढ़ावा देने के लिए पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय, रेलवे और कोयला मंत्रालय मिलकर काम कर रहे हैं। कोयला उत्पादन अक्तूबर में 18 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 44.8 करोड़ टन टन पहुंचा।

## आंकड़ों में देरी, बार-बार समीक्षा से मौद्रिक नीति का काम बना चुनौतीपूर्ण : डिप्टी गवर्नर पात्रा

● कहा- दिसंबर के पहले सप्ताह में घोषित की जाने वाली अगली मौद्रिक नीति समीक्षा के लिए चर्चा शुरू होगी

सवेरा न्यूज/एजैंसी

मुंबई, 24 नवंबर : भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा ने कहा कि वर्तमान में मौद्रिक नीति तैयार करना बेहद चूनौतीपूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि आजकल के अस्थिर माहौल, आंकड़ों में देरी और उनकी बार-बार समीक्षा ने इस काम को चुनौतीपूर्ण बना दिया है। पात्रा ने कहा कि दिसंबर के पहले सप्ताह में घोषित की जाने वाली अगली मौद्रिक नीति समीक्षा के लिए विचार-विमर्श शुरू होगा। इस दौरान अक्तूबर के मुद्रास्फीति के आंकड़ों और 30 नवंबर को आने वाले जुलाई-सितंबर के वृद्धि आंकड़ों पर निर्भर रहना होगा। उन्होंने कहा, 'मौद्रिक नीति को दूरदर्शी होना चाहिए। ऐसा इसलिए है, क्योंकि जब नीति दर में बदलाव किया जाता है, तो इसका असर ऋण दरों और अर्थव्यवस्था में कुल मांग तक पहुंचने में काफी समय लगता है। ऐसे में हम सिर्फ भविष्य की मुद्रास्फीति को लक्षित कर सकते हैं, कल की नहीं।' पात्रा ने कहा, 'एक महीने और तीन माह पुराने आंकड़ों के आधार पर, मुझे यह आकलन करना होगा कि मुद्रास्फीति कितनी है और वृद्धि की रफ्तार कैसी रहने वाली है।' पात्रा केंद्रीय बैंक में मौद्रिक नीति कार्य की देखरेख करते हैं। उन्होंने कहा, 'अगर एनएसएसओ के पास आंकड़ों को संशोधित करने का अधिकार है, अगर कंपनियां कमाई के आंकड़े बदल सकती हैं, तो मुझे भी सितंबर (अंतिम नीति) की ब्याज दर में बदलाव करने में सक्षम होना चाहिए।'

## के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय में 'एड्यूड फिएस्टा' की धूम

● पोस्टर मेकिंग में एसजीटी यूनिवर्सिटी की भानुप्रिया प्रथम

सवेरा न्यूज/आकाश द्विवेदी

गुरुग्राम, 24 नवंबर : दिल्ली एनसीआर स्थित के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम 'एड्यूड फिएस्टा' ने दूसरे दिन भी धूम मचाई। इस अंतर विश्वविद्यालय इवैंट में 17 प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। दिल्ली और इसके आसपास के करीब 25 से अधिक कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से आए स्टूडैंट्स इस इवैंट में हिस्सा ले रहे हैं।

'एड्यूड फिएस्टा' के दूसरे दिन की शुरु आत लोक और जनजातीय नृत्य प्रतियोगिता के साथ हुई जिसमें हरियाणवी, राजस्थानी और गुजराती संस्कृति की झलक दिखी। स्टूडैंट्स की म्यूजिकल बैंड की धुनों ने थिरकने पर मजबूर कर दिया। 'हिंदी मेरी पहचान' विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसके साथ ही हास्य कवि सम्मलेन में हंसी के ठहाके लगे, जिसमें जामिया मिल्लिया इस्लामिया के लोकभद्र ने प्रथम और लॉयड लॉ कालेज के पुलक मोहंती ने दूसरा स्थान हासिल किया। डांस और गायन इवैंट में बॉलीवुड के हिंदी और पंजाबी गानों पर स्टूडैंट्स की प्रस्तुति ने सबको मंत्रमुग्ध किया। पोस्टर मेकिंग इवैंट में एसजीटी यूनिवर्सिटी की भानुप्रिया ने पहले और के.आर. मंगलम विश्व विद्यालय की मानसी शर्मा ने दूसरे स्थान पर कब्जा किया। जनसंचार और पत्रकारिता विभाग के तहत विजुअल प्रदर्शनी और फिल्मोग्राफी इवैंट का सफल आयोजन हुआ। आज के इवैंट्स में लोक कलाकारी पेंटिंग, स्केचिंग, म्यूजिकल मोक्टेल आदि प्रतियोगिताएं करवाई।

### टाटा कंज्यूमर 7,000 करोड़ में बिसलेरी का करेगी अधिग्रहण

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 24 नवंबर : रमेश चौहान बिसलेरी इंटरनैशनल को टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) को अनुमानित 6,000 से 7,000 करोड़ रुपए में बेच रहे हैं। द इकोनॉमिक टाइम्स ने यह जानकारी दी गई है। सौदे के हिस्से के रूप में वर्तमान प्रबंधन दो साल तक जारी रहेगा। 82 वर्षीय चौहान का हाल के दिनों में खराब स्वास्थ्य रहा है और उनका कहना है कि बिसलेरी को विस्तार के अगले स्तर पर ले जाने के लिए उनके पास उत्तराधिकारी नहीं है। चौहान ने कहा कि बेटी जयंती कारोबार में ज्यादा दिलचस्पी नहीं रखती। बिसलेरी भारत की सबसे बड़ी पैकेज्ड वाटर कंपनी है।

### निर्यात शुल्क हटने से घरेलू इस्पात उद्योग को मिलेगी मजबूती

सवेरा न्यूज/एजैंसी



नई दिल्ली, 24 नवंबर : केंद्रीय इस्पात राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि सरकार द्वारा शुल्क संबंधी उपायों से घरेलू इस्पात उद्योग की कारोबारी धारणा को मजबूती मिलेगी। सरकार ने 21 मई को निर्यात शुल्क लगाए जाने के 6 महीने बाद 19 नवंबर 2022 से इस्पात वस्तुओं पर कर को शून्य कर दिया है। कुलस्ते ने कहा, 'इस कदम से इस्पात विनिर्माताओं की कारोबारी धारणा मजबूत होगी। यह क्षेत्र में मांग और निवेश को भी बढ़ावा देगा।'

# SPORTS

## स्पोर्ट्स गैलरी

### वैस्ट इंडीज की अभ्यास मैच में अच्छी शुरुआत

सवेरा न्यूज/एजैंसी

कैनबरा, 24 नवंबर : तेज गेंदबाज अलजारी जोसफ के 4 विकेटों की मदद से आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश को 322 रन पर समेटने के बाद वैस्ट इंडीज ने अभ्यास क्रिकेट मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में बिना किसी नुक्सान के 65 रन बनाए। घरेलू टीम ने सुबह अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 279 रन से आगे बढ़ाई और इसमें 25 रन और जोड़े। वैस्ट इंडीज की तरफ से जोसफ ने 65 रन देकर 4 जबकि स्पिनर रोस्टन चेज ने 72 रन देकर 2 विकेट लिए। इसके बाद वैस्ट इंडीज के सलामी बल्लेबाज क्रेग ब्रैथवेट (73 गेंदों पर नाबाद 33 रन) और तेगनारायण चंद्रपॉल (85 गेंदों पर नाबाद 32 रन) ने गुलाबी गेंद से खेले जा रहे इस मैच में टीम को ठोस शुरुआत दी।

### जो रुट ने आईपीएल नीलामी के लिए नाम दर्ज करवाया



जो रुट

सवेरा न्यूज/एजैंसी

मुंबई, 24 नवंबर : इंगलैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रुट ने इंडियन प्रीमियर लीग के 2023 सीजन से पहले होने वाली नीलामी में अपना नाम दर्ज करवाया है। क्रिकबज ने यह जानकारी दी। डेली मेल ने रुट के हवाले से कहा था, 'मैं आईपीएल नीलामी में जाने पर विचार करुंगा और टूर्नामैंट में मौका मिलने की उम्मीद है। हर मैच के महत्व में शामिल होना बहुत अच्छा होगा।' बयान में कहा गया था, 'संन्यास लेने, धीमा होने या कम प्रारुप खेलने के बारे में मेरे मन में कोई विचार या भावना नहीं है। कुछ भी हो, मैं अपने समय के साथ थोड़ी अधिक स्वतंत्रता महसूस करता हूं।'

### हार्दिक के कप्तानी कौशल से भारत को काफी मदद मिल सकती है : मिलर

सवेरा न्यूज/एजैंसी


अबुधाबी, 24 नवंबर : दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर डेविड मिलर का मानना है कि बतौर कप्तान हार्दिक पंड्या अपनी अभूतपूर्व मानसिक स्पष्टता और काम करने के तरीके से भारतीय टी20 टीम को निर्भीक बना सकते हैं। हार्दिक को 2024 टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के कप्तान के तौर पर देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हार्दिक ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटन्स को पदार्पण में खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, 'आईपीएल में उनकी कप्तानी में खेलने से मुझे लगता है कि वह नैर्सिगक नेतृत्वकर्त्ता है, लोग उसका अनुकरण करते हैं। वह बतौर कप्तान बहुत एकजुट रखने वाला है।'

# एंबोलो के गोल से स्विट्ज़रलैंड ने कैमरून को 1-0 से हराया

● गोल करने के बाद ब्रील ने अपना वादा निभाते हुए जश्न नहीं मनाया

सवेरा न्यूज/एजैंसी

अल वाकराह (कतर), 24 नवंबर : ब्रील एंबोलो के गोल से स्विट्ज़रलैंड ने फीफा विश्व कप के ग्रुप जी मैच में कैमरून को 1-0 से हरा दिया। एंबोलो ने भले ही स्विट्ज़रलैंड को महत्वपूर्ण जीत दिलाई हो, लेकिन उन्होंने अपने इस वादे को निभाया कि अगर वह उस देश के खिलाफ गोल करेंगे जहां उनका जन्म हुआ तो वह इसका जश्न नहीं मनाएंगे। एंबोलो ने 48वें मिनट में गोलमुख के सामने मिले शेरडन शकीरी के पास को दाएं पैर से दनदनाता हुआ शॉट लगाकर गोल में पहुंचाया। एंबोलो ने गोल करने के बाद अपने दोनों हाथ फैला दिए और जब टीम के उनके साथी जश्न मनाने के लिए उनकी तरफ दौड़े तो उन्होंने अपने दोनों हाथ मुंह पर रख लिए। उन्होंने अल जेनोब स्टेडियम में गोल के पीछे मौजूद स्विट्ज़रलैंड के प्रशंसकों और फिर विपरीत गोल के पीछे मौजूद कैमरून के प्रशंसकों की ओर इशारा किया। 25 साल के फारवर्ड एंबोलो ने 5 साल की उम्र में अपने परिवार के साथ कैमरून छोड़ दिया था। अफ्रीका में जन्में खिलाड़ी ने भले ही गोल किया हो लेकिन अफ्रीका की टीमें चार मैच खेलने के बावजूद अब तक मौजूदा विश्व कप में कोई गोल नहीं कर पाई हैं। इन सभी टीम ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली टीम के खिलाफ मुकाबले खेले हैं। मोरक्को और ट्यूनीशिया ने तो क्रमशः क्रोएशिया और डेनमार्क को गोल रहित बराबरी पर रोका।




गोल के आपस में भिड़ते स्विट्ज़रलैंड और कैमरून के खिलाड़ी।

**एंबोलो का कमाल**

**48वें** मिनट में गोल कर टीम को दिलाई बढ़त

**20** साल पहले जो देश छोड़ा उसी के खिलाफ किया गोल

**2002** से विश्व कप फाइनल्स में कैमरून की हार का सिलसिला से जारी

## टीम संग अभ्यास सत्र में शामिल हुए केन, फिटनैस पर दूर किया संदेह

● सोमवार को ईरान पर टीम ने 6-2 से जीत दर्ज की थी

सवेरा न्यूज/एजैंसी

दोहा, 24 नवंबर : इंगलैंड के कप्तान हैरी केन ने शुक्रवार को होने वाले दूसरे विश्व कप मैच से पहले टीम के बाकी साथियों के साथ अभ्यास किया, जहां केन ने अपनी फिटनैस को लेकर भी संदेह दूर कर दिया। सोमवार को ईरान पर टीम ने 6-2 से जीत दर्ज की, हालांकि 49वें मिनट में केन की फिटनैस पर चिंता व्याप्त की गई। समाचार एजैंसी की रिपोर्ट के अनुसार केन को मैच के बाद पैर पर पट्टी बांधकर लंगड़ाते हुए देखा गया था, लेकिन बुधवार को प्रशिक्षण के बाद गोलकीपर जॉर्डन पिकफोर्ड ने जोर देकर कहा कि स्ट्राइकर ठीक है। स्ट्राइकर के कीपर ने टिप्पणी की, 'मुझे लगता है कि वह अब ठीक हैं। केन ने इंगलैंड के लिए 76 मैचों में 51 गोल किए हैं।' सैंट्रल डिफैंडर हैरी मागुइरे को सोमवार को चक्कर आने के बाद पिच छोड़ना पड़ा।



टीम के साथी खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करते कप्तान हैरी केन।

### बैल्जियम की विदेश मंत्री ने विश्वकप के दौरान पहना 'वन लव' आर्मबैंड

सवेरा न्यूज/एजैंसी

दोहा, 24 नवंबर : बैल्जियम की विदेश मंत्री हद्जा लहबीब ने कनाडा के खिलाफ अपने देश के विश्व कप मैच के दौरान जब फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो से मुलाकात की तो उस समय उन्होंने 'वन लव' आर्मबैंड (बांह की पट्टी) पहन रखा था। लहबीब की बुधवार को एक तस्वीर सामने आई जिसमें उन्होंने रंगीन आर्मबैंड पहन रखा है। इस तरह के आर्मबैंड को विविधता में एकता का प्रतीक माना जाता है। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बैल्जियम सहित सात यूरोपीय देशों के कप्तानों को इस तरह का आर्मबैंड पहनने से रोक दिया था। वे विश्वकप के मेजबान कतर के मानव अधिकारों के खराब रिकॉर्ड की निंदा करने के लिए इसे पहनना चाहते थे।

## वन डे शृंखला से विश्व कप 2023 की तैयारी पर देंगे ध्यान




सवेरा न्यूज/एजैंसी

ऑकलैंड, 24 नवंबर : अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट कार्यक्रम में लगभग हर साल एक आईसीसी टूर्नामैंट होने के साथ टीमों के पास पिछले मैगा इवैंट की गलतियों को दूर करने और नए दृष्टिकोण के साथ आगामी प्रतियोगिता की तैयारी करने के लिए कम समय होता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नॉन-स्टॉप क्रिकेट के इस चक्र में भारत और न्यूजीलैंड को एहसास होगा कि उन्हें टी20 विश्व कप में अपने-अपने सैमीफाइनल से बाहर निकलने और वनडे विश्व कप के लिए तैयारी की आवश्यकता है, जिसमें 12 से भी कम महीने बचे हैं। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन फिर से कप्तानी संभालेंगे। पूरी संभावना है कि शुभमन गिल के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। दोनों ने इस साल आठ एकदिवसीय मैचों में तीन शतक जमाए हैं और न्यूजीलैंड के खिलाफ मैचों में शानदार प्रदर्शन को आगे बढ़ाने की उम्मीद करेंगे। सूर्यकुमार यादव अपने शानदार टी20 फॉर्म और 360-डिग्री स्ट्रोकप्ले को वनडे में ले जाने का लक्ष्य रखेंगे, जबकि ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन और दीपक हुड्डा मध्य-क्रम में बेहतर करने का प्रयास करेंगे। हुड्डा छठे गेंदबाजी विकल्प भी हो सकते हैं, कुछ ऐसा जिसे भारत ने देर से परखा है। स्पिन आक्रमण में वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल के बीच तीन-तरफा मुकाबला होगा। तेज गेंदबाजी विभाग में दीपक चाहर, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर को गेंदबाजी आक्रमण के लिए तैयार किया जा सकता है। लेकिन इस साल टी20 में भारत की खोज करने वाले अर्शदीप सिंह के लिए एक मौका है, जिन्हें डेब्यू कैप दिया जाएगा, और यही बात उमरान मलिक के लिए भी है।

